

यूपी पीएससी 2016

प्रश्न पत्र विस्तृत उत्तर के साथ

Powered by :

gradeup

1.निम्नलिखित तापमापियों मे से किसे पायरोमीटर कहा जाता है?

A. ताप -विधुत तापमापी
B. विकरण तापमापी
C. गैस तापमापी
D. द्रव तापमापी

Answer ||| B

Solution ||| पायरों मीटर से $1500^{\circ}c$ से अधिक ताप का मापन किया जाता है। यह एक विकरण आधारित तापमापी है ।

2.डायनेमों एक युक्ति हैं जो परिवर्तिन करती है।

A. रायसानिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा को में।
B. विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में।
C. यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में।
D. विद्युत ऊर्जा को रायसानिक ऊर्जा में।

Answer ||| C

Solution ||| डायनेमो एक युक्ति है जो यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करती है। विद्युत मोटर विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करती है।

3.वायु की गति निम्नलिखित के द्वारा नापी जाती हैः

A. बैरामीटर
B. ऐनोमोमीटर
C. हाइड्रोमीटर
D. विण्ड वेन

Answer ||| B

Solution ||| वायु की गति ऐनोमीटर से मापी जाती है। वायु दाब के मापन हेतु बैरोमीटर, द्रवों के आपेक्षिक घनत्व के मापन हेतु हाइड्रोमीटर और वायु की दिशा के मापन हेतु विण्ड वेन उपयोग की जाती है।

4.निम्नलिखित गैसों में से कौन सी एक ग्रीन हाउस गैस नहीं है?

A. CO_2
B. NO_2
C. CH_4
D. O_2

Answer ||| D

Solution ||| CO_2, CH_4 और NO_2 को ग्रीन हाउस गैसो के अन्तर्गत सम्मलित किया जाता है। आक्सीजन ग्रीन हाउस गैस नही है।

5.सूची.1 को सूची.2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट को सहीं उत्तर चुनिए:

सूची.1

A) विटिकल्चर

B) वेजीकल्चर

C) पिसीकल्चर

D) ओलेरीकल्चर

सूची.2

1) सब्जी खेती

2) मछली पालन

3) वृक्षो की कृषि

4) अंगूर की खेती

A. A-1, B-2, C-3, D-4
B. A-4, B-3, C-2, D-1
C. A-3, B-2, C-1, D-4
D. A-4, B-1, C-2, D-3

Answer ||| B

Solution ||| सूची.1
A) विटिकल्चर
B) वेजीकल्चर
C) पिसीकल्चर
D) ओलेरीकल्चर
सूची.2
1. अंगूर की खेती
2. वृक्षो की कृषि
3. मछली पालन
4. सब्जी की खेती

6.वायु शक्ति (विण्ड पावर) में ऊर्जा का कौन सा रूप विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित होता है?

A. गतिज ऊर्जा
B. स्थितिज ऊर्जा
C. सौर ऊर्जा
D. विकिरण ऊर्जा

Answer ||| A

Solution ||| वायु शक्ति (विण्ड पावर) में गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है।इसमें एक निश्चित ऊँचाई पर वृहद वायु पंखे लगाकर टरबाइन चलाकर विद्युत पैदा की जाती है।

7.मानव की सामान्य स्वस्थ आँख के लिऐ स्पष्ट दृष्टि की न्युनतम दूरी मानी जाती है:

A. 50 सेमी
B. 10 सेमी
C. 15 सेमी
D. 25 सेमी

Answer ||| D

Solution ||| मानव की सामान्य स्वस्थ आँख के लिए न्युनतम दृष्टि दूरी 25सेमी मानी जाती है।

8.न्यूक्लीय रिऐक्टरों में विपन्दक और प्रशीतक दोनो की तरह प्रयुक्त होने वाला पदार्थ है:

A. साधारण पानी
B. भारी पानी
C. द्रव अमोनिया
D. द्रव हाइड्रोजन

Answer ||| B

Solution ||| न्यूक्लियर रिएक्टरों में भारी जल (D_2O) का उपयोग विपन्दक और प्रषीतक दोनों रूपों में किया जाता है।

9.निम्नलिखित में से कौन सा वायु प्रदूषक ऑक्सीजन की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से रक्त के हीमोग्लोबिन में घुल जाता है?

A. पैन
B. कार्बन डाइऑक्साइड
C. कार्बन मोनोऑक्साइड
D. ओजोन

Answer ||| C

Solution ||| कार्बन मोनोऑक्साइड रक्त के हीमोग्लोबिन में आक्सीजन की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से घुल जाता है, जिसके कारण हीमोग्लोबिन की ऑक्सीजन वहन क्षमता काफी कम हो जाती है। फलस्वरूप यह थकावट, अचेता और यहाँ तक की मृत्यु का कारण भी बन सकता है।

10.हीमोग्लोबिन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिऐ:
1) यह रक्त में ऑँक्सीजन का संचार करता है।
2) यह लोहा युक्त यौगिक है।
3) यह कुछ रोगों के प्रति, प्रतिरक्षा प्रदान करता है।
4) यह रक्त को लाल रंग प्रदान करता है।

A. 1, 2 और 3
B. 1, 3 और 4
C. 2, 3 और 4
D. 1, 2 और 4

Answer ||| D

Solution ||| लाल रक्त कणियओं में पाये जाने वाला हीमोग्लोबिन एक जटिल प्रोटीन है जिसमें लोहा होता है। इसकी (लोहा)उपस्थिति के कारण रक्त लाल रंग का होता है और यह रक्त में ऑँक्सीजन का संचार करता है।

11.बिग बैन्ग सिद्धान्त निम्नलिखित के उद्धव की व्याख्या करता है।

A. स्तधनधारी जीव
B. हिम युग
C. ब्रह्माण्ड
D. महासागर

Answer ||| C

Solution ||| ब्रह्माण्ड उत्पति के सम्बंध में बिग बेंग सिद्धान्त जार्ज लैमेंटर द्वारा दिया गया।

12.प्रकाश-वोल्टीय सेल होते है।

A. सौर सेल
B. थर्मल सेल

C. सल्फर सेल
D. मोलर सेल

Answer ||| A

Solution ||| प्रकाश बोल्टीय सेल, सौर सेल होते है। जो सूर्य की प्रकाश ऊर्जा को प्रकाश वैद्युत प्रभाव के माध्यम से विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करते है।

13.जीन के भीतर अनुक्रत-आधार परिवर्तन कहलाता है।

A. प्रजनन
B. प्रतिरूपण
C. उत्परिवर्तन
D. संयोजन

Answer ||| C

Solution ||| जीन के भीतर अनुक्रत आधार परिवर्तन उत्परिवर्तन कहलाता है। उत्परिवर्तन की प्रतिक्रया से DNA में सतत रूप से परिवर्तन होते रहते है।

14.विटामिन E का महत्वपूर्ण स्त्रोत निम्नलिखित में से कौन है?

A. ताड़
B. नारियल का तेल
C. गेंहू-अंकुर का तेल
D. राई (सरसों) का तेल

Answer ||| C

Solution ||| प्रश्नगत विकल्पो में विटामिन Eका सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्त्रोत गेंहू-अंकुर का तेल है।

15.कैफीन क्षारभ उपस्थित रहता हैः

A. केवल चाय में
B. केवल कॉफ़ी में
C. चाय और कॉफ़ी दोनो में
D. नींबू पानी में

Answer ||| C

Solution ||| कैफीन क्षारभ चाय और काफी दानो में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। इसके अतिरिक्त यह कोकोआ, मेट कोला नट्स तथा कुछ दूसरे पादपों में भी पाया जाता है।

16.आइस्टीन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया:

A. प्रकाश-विद्युत प्रभाव के लिए
B. विषिष्ट ऊष्माओं के सिद्धान्त के लिए
C. विषेश सापेक्षिकता सिद्धान्त के लिए
D. बोस-आइस्टीन साख्यिकी के लिए

Answer ||| A

Solution ||| आइस्टीन को 1921 में प्रकाश विद्युत प्रभाव के नियम की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

17.मलेरिया रोग की प्रभावी औषधि कुनैन का निश्कर्षण किया जाता हैः

A. सिनेमन की छाल से
B. सिनकोना की छाल से
C. तुलसी की पत्तियों से
D. कत्था-वृक्ष की छाल से

Answer ||| B

Solution ||| मलेरिया रोग प्रभावी औषधि कुनैन का निश्कर्षण सिनकोना ,वृक्ष की छाल से किया जाता है। कुनैन को सर्वप्रथम सिनकोना की छाल से 1820ई. में प्रथक किया गया था।

18.मस्तिष्क जिम्मेदार है।

A. सोचने के लिए
B. हृदय गति नियन्त्रण के लिए
C. शरीर के सन्तुलन के लिए
D. उपर्युक्त तीनो के लिए

Answer ||| D

Solution ||| मस्तिष्क सोचने, हृदय गति नियन्त्रण और शरीर के सन्तुलन तीनो के लिए जिम्मेदार होता है।

19.जिस रूप में पौधे नाइट्रोजन प्राप्त करते है, वह हैः

A. नाइट्रिक ऑक्साइड
B. नाइट्रेट
C. अमोनिया
D. नाइट्राइड

Answer ||| B

Solution ||| नाइट्रोजन पौधे की वृद्धि के लिए आवश्यक है। पौधे इसे मिट्टी से मुख्यतः नाइट्रेट के रूप मे प्राप्त करते है।

20.निम्नलिखित में से किस युग्म में सही सुमेल नहीं है?

A. थाइयोमीन - बेरीबेरी
B. एस्कॉर्बिक अम्ल - स्कर्वी
C. विटामिन A - वर्णधता

D. विटामिन K - रक्त जमना

Answer ||| C

Solution ||| विटामिन A की कमी से रतौंधी रोग होता है जिसमें रोगी में रात की दृष्यता कमजोर होती है जबकि वर्णान्धता एक जन्मजात (आनुवांषिक) बीमारी है।

21.ल्यूकैमिया एक प्रकार का कैंसर है। जिसमें आसाधरण बढ़ोत्तरी होती है।

A. अस्थि कोषिकाओं की संख्या में
B. प्लेटों की संख्या में
C. लाल रक्त कोषिकोओं की संख्या में
D. श्वेत रक्त कोषिकाओं की संख्या में

Answer ||| D

Solution ||| ल्यूकेमिया में श्वेत रक्त कणिकाओं की संख्या में असमान्य वृद्धि होती है यह एक प्रकार का रक्त कैसर है ।

22.जो मनुष्य यह नहीं समझ पाता कि कब उसे भोजन करना रोक देना चाहिएं, वह पीड़ित है।

A. बलुमिया से
B. मधुमेह
C. ऐनोरेक्सिया नर्वोसा से
D. अतिअम्लता से

Answer ||| A

Solution ||| बलुमिया से पीड़ित व्यक्ति यह नहीं समझ पाता कि कब उसे भोजन करना रोक देना चाहिए।

23.मानव रक्तदान के लिए कौन सा रक्त समूह सार्वत्रिक दाता (यूनिवर्सल डोनर) होता है ?

A. B+ समूह
B. O समूह
C. AB समूह
D. A+ समूह

Answer ||| B

Solution ||| मानव रक्तदान के लिए “O” रक्त समूह सार्वत्रिक दाता (यूनिवर्सल डोनर) होता है तथा रक्त समूह ABवाला व्यक्ति सार्वत्रिक ग्राही (यूनिवर्सल रिसीपेंट) होता है।

24.निम्नलिखित में से कौन जल को जीवाणु मुक्त करने हेतु प्रयुक्त होता है /होते है।

A. ओजोन
B. क्लोरीन डाइऑक्साइड
C. क्लोरैमीन
D. उपर्यक्त सभी

Answer ||| D

Solution ||| ओजोन, क्लोरीन डाइऑक्साइड एवं क्लोरैमीन तीनों का प्रयोग जल को जीवाणु मुक्त करने हेतु किया जाता है।

25.निम्नलिखित में से किसका उपयोग रकत कैंसर के उपचार में किया जाता है ?

A. आयोडीन - 131
B. सोडियम - 24
C. फॉस्फोरस - 32
D. कोबाल्ट - 60

Answer ||| C

Solution ||| रक्त कैंसर की जाँच एवं उपचार हेतु रेडियोआइसोटोप फॉस्फोरस -32 का प्रयोग किया जाता है।

26.भारतीय पशु चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान अवस्थित है।

A. बरेली में
B. मथुरा में
C. करनाल में
D. पटना में

Answer ||| A

Solution ||| भारतीय पशु चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान; $(LVRT)$ बरेली उत्तर प्रदेश में उपस्थित है। इसकी स्थापना 1889 में हुई थी।

27.मिर्च की तीक्षणता का कारण है ।

A. लाइकोपिन की उपस्थिति
B. कैप्सैइसिन की उपस्थिति
C. कैरोटीन की उपस्थिति
D. ऐन्थोसायनिन की उपस्थिति

Answer ||| B

Solution ||| मिर्च के तीखेपन का कारण इसमें उपस्थित कैप्सेनि एल्केलॉयड है।

28.निम्नलिखित भोज्य पदार्थ में से किसमें सभी अनिवार्य ऐमीनों अम्ल उपस्थित है?

A. चावल
B. दूध
C. गेहूं

D. सोयाबीन

Answer ||| B

Solution ||| दूध और अण्डा दोनो मे समान रूप् से सभी अनिवार्य ऐमीनों अम्ल पाये जाते है।

29.एथेनॉल के व्यवसायिक उत्पादन में कौन सा खमीर प्रयोग में लाया जाता है?

A. कैन्डीडा एल्बीकेन्स
B. सैकरोमाइसीज सेरेविसी
C. कैन्डीडा स्लूफी
D. ल्यूकोरपोरीडियम फ्राइजीडियम

Answer ||| B

Solution ||| एथेनॉल के व्यवसायिक उत्पादन में सामान्यताः सैकरोमाइसीज सेरेविसी नामक खमीर (यीस्ट) प्रयोग में लाया जाता है ।

30.बायोगैस संयंत्र से निश्काषित निम्नलिखित में से कौन सी गैस ईधन के रूप् में उपयोग में आती है?

A. ब्यूटेन
B. प्रोपेन
C. मैथेन
D. एथेन

Answer ||| C

Solution ||| बायोगैस संयंत्र से प्राप्त होने वाली मीथेन गैस, ईधन गैस के रूप में प्रयोग होती है।

31.कलिंग युद्ध का विवरण हमें ज्ञात होता है।

A. 13 वें शिलालेख द्वारा
B. रूम्मिदेई स्तम्भ लेख द्वारा
C. हवेनसाँग के विवरण द्वारा लेख
D. प्रथम लघु शिलालेख द्वारा

Answer ||| A

Solution ||| अशोक के 13वें शिलालेख में उसके कलिंग युद्ध का विवरण प्राप्त होता है। इस शिलालेख के अनुसार अशोक के राज्याभिषेक के आठवें वर्ष (261 ई.पू.) में कलिंग युद्ध हुआ।

32.एक ही कब्र से तीन मानव कंकाल निकले है।

A. सराय नाहर राय से
B. दमदमा से
C. महदहा से
D. लंघनाज से

Answer ||| B

Solution ||| उत्तर प्रदेश प्रतापगढ़ जिले में स्थित दमदमा में एक कब्र में एक साथ तीन कंकाल प्राप्त हुए थे।

33.'पृथ्व्यिा प्रथम वीर' उपाधि थी '-

A. समुद्रगुप्त की
B. राजेन्द्र प्रथम की
C. अमोघवर्ष की
D. गौतमीपुत्र शातकर्णी की

Answer ||| A

Solution ||| 'पृथ्विया प्रथम वीर` उपाधि समुद्रगुप्त की थी।

34.विक्रमशिला विहार' का संस्थापक कौन था?

A. गोपाल
B. देवपाल
C. धर्मपाल
D. महिपाल

Answer ||| C

Solution ||| विहार के भागलपुर जिले में पथरघाट नामक पहाड़ी पर स्थित विक्रमशिला बिहार की स्थापना पाल नरेश धर्मपाल ने (775-800ई.) में करायी थी।

35.कृष्णदेव राय ने किस नगर की स्थापना की?

A. वारंगल
B. नालापुर
C. उदयगिरि
D. चन्द्रगिरि

Answer ||| B

Solution ||| विजय नगर के प्रसिद्ध शासक कृष्णदेव राय ने स्थापना कला के क्षेत्र में नागलपुर नामक नए नगर की स्थापना की थी।

36.जहांगीर ने मुख्यता निम्नलिखित में से किस कला को संरक्षण दिया था?

A. चित्रकला
B. स्थापत्य कला
C. मूर्तिकला

D. संगीत कला

Answer ||| A

Solution ||| जहांगीर ने मुख्यतः चित्रकला को संरक्षण प्रदान किया था। उसके समय मुगल चित्रकला अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँची।

37.गुलाम का गुलाम' किसे कहा गया था?

A. मो. गौरी
B. कुतुबद्दीन ऐबक
C. बलबन
D. इल्तुतमिश

Answer ||| D

Solution ||| गुलाम का गुलाम' इल्तुतमिश को कहा गया था। क्योकि वह स्वयं गुलाम रहे शासक कुबुतद्दीन ऐबक द्वारा खरीदा गया दास था।

38.निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने लाला कलावन्त से हिन्दु संगीत की शिक्षा ली?

A. हुमायु
B. जहाँगीर
C. अकबर
D. शाहाजहाँ

Answer ||| C

Solution ||| The Ain-i-Akbari, written by Abu'l-Fazl ibn Mubarak, suggests that there were 36 musicians of high grate in the Mughal court of Akbar. Akbar himself was a learned musician. He further studied Hindu vocalization under Lal Kalawant who taught him "every breathing and sound that appertains to the Hindi language."

39.मुगलकाल में जिस मदरसे ने मुस्लिम न्याय-शास्त्र की पढ़ाई में विशिष्टता हासिल की, वह स्थित था

A. लखनऊ में
B. दिल्ली में
C. सियालकोट में
D. हैदराबाद (भारत) में

Answer ||| A

Solution ||| मुगलकाल मे लखनऊ (उत्तर प्रदेश) स्थित कारंगी महल मदरसे ने 'मुस्लिम न्याय शास्त्र' के अध्ययन में विशिष्टता हासिल की थी।

40.किस वर्ष बाबर ने सुल्तान इब्राहिम लादी को पानीपत की लड़ाई मे पराजित किया?

A. 1527 ई.
B. 1526 ई.
C. 1525 ई.
D. 1524 ई.

Answer ||| B

Solution ||| बाबर ने पानीपत की प्रथम लड़ाई में 21अप्रैल 1526को इब्राहिम लोधी को पराजित किया था।

41.सर टामस मुनरों किन वर्षो में मद्रास के गवर्नर रहे?

A. 1820-1827 ई.
B. 18219-1826 ई.
C. 1822-1829 ई.
D. 1818-1825 ई.

Answer ||| A

Solution ||| सर टामस मुनरो को 1820 में मद्रास का गवर्नर नियुक्त किया गया था तथा वह 1827में कॉलरा के कारण अपनी मृत्यु तक इस पद पर बना रहा ।

42.विन्ध्य क्षेत्र के किस शिलाश्रय से सर्वाधिक मानव कंकाल मिले है?

A. मोरहना पहाड़
B. घघरिया
C. बघही खोर
D. लेखहिया

Answer ||| D

Solution ||| विन्ध्य क्षेत्र के लेखहिया में सर्वाधिक 17मानव कंकाल प्राप्त हुए है।

43.पश्चिमी भारत के डीव केव कर्वो का नाम निन्मलिखित में से किस सन्दर्भ में आता है ?

A. सती प्रथा
B. बाल (शिशु) हत्या
C. स्त्री शिक्षा
D. इनमे से कोई नहीं

Answer ||| C

Solution ||| दोनो पश्चिमी भारत के डीव केव कर्वे 1858-1862 तक, ने पश्चिमी भारत में महिलाओं के कल्याण एवं उनकी स्थिति में सुधार हेतु कई महत्वपूर्ण कार्य किये थे।

44.भारतीय गौरव (यश) का अन्तिम सूर्य 'किसके लिऐ प्रयुक्त हुआ?

A. शिवाजी
B. प्रीथिवीराज
C. राना प्रताप

D. हेमू

Answer ||| A

Solution ||| प्रख्यात इतिहासकार जदुनाथ सरकार ने छत्रपति शिवाजी को भारतीय गौरव (यश) का अंन्तिम सूर्य कहा है।

45.सूची-1 को सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट के उपयोग से सही उत्तर चुनिए:
सूची-1
A) प्रथम कर्नाटक युद्ध
B) तृतीय कर्नाटक युद्ध
C) द्वितीय कर्नाटक युद्ध
D) प्रथम मैसूर युद्ध
सूची-2
1) पेरिस की संन्धि से अन्त
2) ब्रिटिश की हार
3) अनिर्णायक युद्ध
4) एक्स ला चैपल की संन्धि से अन्त

A. A-1, B-3, C-4, D-2
B. A-2, B-4, C-1, D-3
C. A-4, B-1, C-3, D-2
D. A-3, B-1, C-4, D-2

Answer ||| C

Solution ||| सूची.1
A) प्रथम कर्नाटक युद्ध
B) तृतीय कर्नाटक युद्ध
C) द्वितीय कर्नाटक युद्ध
D) प्रथम मैसूर युद्ध
सूची.2
1. एक्स ला चैपल की संन्धि
2. पेरिस की सन्धि से अन्त

3. अनिर्णायक युद्ध
4. ब्रिटिश की हार

46.'खिलाफत आन्दोलन' के प्रमुख नेता निम्नलिखित में से कौन थे?

A. मौलाना मोहम्मद अली और सौकत अली
B. मोहम्मद अली जिन्नाह् और सौकत अली
C. मौलाना अबुल कलाम आजाद और रफी अहमद किदवाई
D. रफी अहमद किदवई और सौकत अली

Answer ||| A

Solution ||| खिलाफत आन्दोलन (1919.22) के प्रमुख नेता मौलाना मोहम्मद अली और उनके भाई सौकत अली थे।

47.देवबन्द आन्दोलन, यू0 पी0 (सयुक्त प्रान्त) में किस वर्ष में आरम्भ हुआ था?

A. 1900 ई.
B. 1888 ई.
C. 1885 ई.
D. 1866 ई.

Answer ||| D

Solution ||| मुहम्मद कासिम ननौतवी और रशीद अहमद गंगोही द्वारा 1866-67 ई0में तत्कालीन संयुक्त प्रांत के सहारनपुर स्थित देवबंद आन्दोलन प्रारम्भ किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य मुस्लिम संप्रदाय का नैतिक एवं धार्मिक पुनरूद्धार करना था।

48.मोतीलाल नेररू और सी0 आर0 दास द्वारा 1923 ई0 में गठित पार्टी का नाम क्या था?

A. इन्डिपेंडेस
B. गदर पार्टी

C. स्वराज पार्टी
D. इण्डियन नेशनल पार्टी

Answer ||| C

Solution ||| असहयोग आन्दोलन के स्थगन के बाद मोतीलाल नेहरू और चितरंजन दास ने जनवरी 1923 ई0में इलाहाबाद में स्वराज्य पार्टी की स्थापना की थी।

49.लॉर्ड डलहौजी की 'विलय-नीति' का प्रथम शिकार निम्नलिखित में से कौन हुआ था?

A. झाँसी
B. सतारा
C. करौली
D. सम्बलपुर

Answer ||| B

Solution ||| लॉर्ड डलहौजी ने अपने 'विलय-नीति' के तहत सर्वप्रथम 1848 ई. में सतारा का अंग्रेजी राज्य में विलय किया था।

50.अंग्रेजो के विरूद्ध खान अब्दुल गफ्फार खान द्वारा प्रारम्भ किये गये आन्दोलन का क्या नाम था?

A. लाल कुर्ती (रेड शर्ट)
B. क्विट इंडिया
C. खिलाफत
D. उपर्युक्त में से काई नहीं

Answer ||| A

Solution ||| अंग्रेजो के विरूद्ध खान अब्दुल गफ्फार खान द्वारा प्रारम्भ किये गये आन्दोलन का नाम लाल कुर्ती (रेड शर्ट) था ।

51.निम्नलिखित मे से किसके विरोध में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी 'नाइटहुड' का परित्याग कर दिया था?

A. रौलेक्ट ऐक्ट
B. जलियांवाला बाग जनसंहार
C. साइमन कमीशन
D. क्रिप्स मिशन

Answer ||| B

Solution ||| जलियावाला बाग हत्याकांण्ड (13अप्रैल 1919) के विरोध में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी 'नाइटहुड' की उपाधि का परित्याग कर दिया था।

52.अनुच्छेद-249 के खण्ड (1) के अन्तर्गत पारित प्रस्ताव निम्नलिखित में से किसके अधिक समय के लिए प्रवृत्त नहीं रहेगा?

A. एक माह
B. तीन माह
C. छः माह
D. एक वर्ष

Answer ||| D

Solution ||| अनुच्छेद 249 के खण्ड (1) के अन्तर्गत पारित प्रस्ताव एक वर्ष से अधिक समय के लिए प्रवृत्त नहीं रहेगा।

53.सरकारिया आयोग निम्नलिखित सम्बन्धों में से किसकी समीक्षा हेतु स्थापित गया था?

A. प्रधान मन्त्री तथा राष्ट्रपति के मध्य
B. विधायिका तथा कार्यपालिका के मध्य
C. केन्द्र तथा राज्यों के मध्य
D. कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के मध्य

Answer ||| C

Solution ||| केन्द्र राज्यों सम्बन्धो की समीक्षा के लिए अभी तक तीन महत्वपूर्ण समितियों का गठन किया गया है। राजमन्नार समिति, सरकारिया आयोग तथा मदन मोहन पूंछी आयोग ।

54.राज्य वित्त आयोग है, एक:

A. विधिक संस्था
B. अल्पविधिक संस्था
C. संवैधानिक संस्था
D. उपर्युक्त में से काई नहीं

Answer ||| C

Solution ||| राज्स वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इसका संबध संविधान के भाग 9 में अनुच्छेद 243 पंचायतो के सम्बन्ध में है।

55.भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी बनाने हेतु संसद राज्य सूची के विषय पर कानून बना सकती है?

A. अनु0 249
B. अनु0 250
C. अनु0 252
D. अनु0 253

Answer ||| D

Solution ||| भारतीय संविधान के अनुच्छेद 253के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय समझौते को प्रभावी बनाने हेतु संसद राज्य सूची के विषय पर कानून बना सकती है।

56.भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में निर्वाचन आयोग के लिये प्रावधान है?

A. अनुच्छेद 320
B. अनुच्छेद 322
C. अनुच्छेद 324
D. अनुच्छेद 326

Answer ||| C

Solution ||| अनुच्छेद 324 भारत के चुनाव आयोग के लिए प्रावधान करता है, जिसमें संघ और राज्य विधायिका के चुनाव और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव कराने की शक्ति निहित है।

57.भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के आधारभूत ढांचे के सिद्धान्त को स्पष्ट किया है।

A. गोलकनाथ वाद 1967 में
B. सज्जन सिंह वाद 1965 में
C. शंकरी प्रसाद वाद 1951 में
D. केशवानन्द भारतीवाद 1973 में

Answer ||| D

Solution ||| केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य के बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के आधारभूत ढांचे के सिद्धान्त को स्पष्ट किया। इसके अनुसार संसद को संविधान में संशोधन की शक्ति (भाग-20, अनु.368) है किन्तु संसद इसके मूल ढांचे को प्रभावित नहीं कर सकती है।

58.निम्नलिखित में से कौन पंचायतों की संरचना के बाबत उपबन्ध करने को अधिकृत है?

A. राज्य का राज्यपाल
B. राज्य का विधान मण्डल
C. भारत की संसद
D. भारत का राष्ट्रपति

Answer ||| B

Solution ||| राज्य का विधान मण्डल पंचायतों की संरचना के बाबत उपबन्ध करने को अधिकृत है ।

59.संविधान के किस भाग में पचायती राज्य व्यवस्था संबंधी प्रावधान दिये गये है।

A. IX
B. VI
C. III
D. IV (a)

Answer ||| A

Solution ||| भारतीय संविधान में किये गये 73वें संशोधन अधिनियम 1992 को 24 अप्रैल 1993से संविधान के भाग 9 के अन्तर्गत लागू किया गया।

60.पंचायती राज व्यवस्था अपनायी गयी थी।

A. लोगों को राजनैतिक जागरूकता प्रदान करने हेतु।
B. लोकतन्त्र की शक्तियों के विकेन्द्रीकरण के लिये।
C. कृषकों को षिक्षित करने के लिये।
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं।

Answer ||| B

Solution ||| लोकतांत्रिक शक्तियों के विकेन्द्रीकरण के लिए पंचायती राजव्यवस्था अपनायी गयी है। जिससे देश का समुचित आर्थिक विकास सुनिश्चित हो और इसमें देश का प्रत्येक नागरिक अपनी भागीदारी दे।

61.भारत में ‘‘पंचायती राज व्यवस्था का शिल्पी’’ किसे कहा जाता है?

A. आचार्य नरेन्द्र देव
B. जी.वी.के. राव

C. बी.आर.मेहता
D. एल.एम.सिंघवी

Answer ||| C

Solution ||| भारत में ''पंचायती राजव्यवस्था का शिल्पी'' बलवंत मेहता को कहा जाता है।

62.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?
कथन (A): संविधान के अनुच्छेद 32 डॉ. अम्बेडकर ने इसकी आत्मा कहा था।
कारण (R): अनुच्छेद 32, मौलिक अधिकारों के अतिक्रमण के विरूद्ध प्रभावी उपचार का प्रावधान करता है।
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए:
कूट:

A. (A) तथा (R) दोनों ही सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
B. (A) तथा (R) दोनों ही सही हैं किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
C. (A) सही हैं किन्तु (R) गलत है।
D. (A) गलत हैं, किन्तु (R) सही है।

Answer ||| A

Solution ||| संविधान के अनुच्छेद 32के तहत, मौलिक अधिकारों को न्यायालय से प्रवर्तित कराने के लिए, संवैधानिक उपचार का उल्लेख किया गया है। इसे अम्बेडकर ने संविधान की आत्मा कहा है।

63.पंचायत चुनावों में अनुसूचित जातियों के लिये पदों का आरक्षण किस राज्य में लागू नहीं होगा?

A. उत्तर प्रदेश
B. असम
C. अरुणाचल प्रदेश
D. हरियाणा

Answer ||| C

Solution ||| अरुणाचल प्रदेश, नगालैण्ड लक्ष्यद्वीप और अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में अनुसूचित जातियां नहीं पायी जाती है इसलिए यहाँ पंचायत चुनावों में अनुसूचित जातियों के लिये पदों का आरक्षण लागू नहीं होता है।

64.भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (ZJ) के अनुसार सहकारी समिति के निदेशकों की अधिकतम संख्या हो सकती है।

A. 21
B. 15
C. 11
D. 7

Answer ||| A

Solution ||| भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243के अनुसार सहकारी समितियों के निदेशकों की अधिकतम संख्या 21हो सकती है।

65.भारत में एक नया राज्य सृजित करने वाले विधेयक को पारित होना अनिवार्य है -

A. संसद में साधारण बहुमत तथा कम से कम दो - तिहाई राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा।
B. संसद के साधारण बहुमत द्वारा।
C. संसद में दो-तिहाई बहुमत तथा कम से कम दो- तिहाई राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा।
D. उपर्युक्त में से काई नहीं

Answer ||| B

Solution ||| भारत में एक नया राज्य सृजित करने वाले विधेयक को संसद के साधारण बहुमत द्वारा पारित होना अनिवार्य है ।

66.भारत में, नागरिकों के मौलिक अधिकारों में संशोधन कौन कर सकता है?

A. लोक सभा
B. राज्य सभा
C. संसद
D. सर्वोच्च न्यायालय

Answer ||| C

Solution ||| भारत में नागरिकों के मौलिक अधिकारों में संशोधन संसद कर सकती है। भारतीय संविधान के भाग 20, अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत संविधान में संशोधन की शक्ति संसद में निहित है।

67.भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद भारत के विदेश नीति से सम्बन्धित है?

A. अनुच्छेद 380
B. अनुच्छेद 312
C. अनुच्छेद 60
D. अनुच्छेद 51

Answer ||| D

Solution ||| भारतीय संविधान के भाग-4नीति निर्देशक तत्व, अनुच्छेद 51भारत के विदेश नीति से सम्बन्धित है ।

68.सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सहीं उत्तर चुनिये:
सूची.1
A) भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
B) वित्त आयोग
C) प्रशासनिक अधिकरण
D) संघ लोक सेवा आयोग
सूची.2
1) अनु0 315
2) अनु0 280

3) अनु0 148

4) अनु0 323 (A)

A. A-3, B-2, C-4, D-1
B. A-3, B-4, C-2, D-1
C. A-1, B-2, C-4, D-3
D. A-4, B-1, C-3, D-2

Answer ||| A

Solution ||| सूची - 1

(संस्थान)

A) भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

B) वित्त आयोग

C) प्रशासनिक अधिकरण

D) संघ लोक सेवा आयोग

सूची - 2

(अनुच्छेद)

1. अनु. 148

2. अनु. 280

3. अनु. 323-(A)

4. अनु. 315

69.निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त अपना पद धारण करता है?

A. भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

B. मुख्य निर्वाचन आयुक्त

C. लोक सभा अध्यक्ष

D. भारत का महान्यायवादी

Answer ||| D

Solution ||| भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 (4) भाग 5 में उल्लिखित किया गया है कि भारत का महान्यायवादी राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त अपना पद धारित करेगा। ।

70.सूची - 1 को सूची - 2 से सुमेलित करिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:
सूची - 1
A) संविधानिक संशोधन
B) वित्त आयोग
C) वित्तीय आपात
D) अखिल भारतीय सेवायें।
सूची - 2
1) अनुच्छेद-360
2) अनुच्छेद-312
3) अनुच्छेद-280
4) अनुच्छेद-368

A. A-2, B-3, C-4, D-1
B. A-4, B-3, C-1, D-2
C. A-3, B-4, C-1, D-2
D. A-1, B-2, C-3, D-4

Answer ||| B

Solution ||| सूची - 1
A) संविधानिक संशोधन
B) वित्त आयोग
C) वित्तीय आपात
D) अखिल भारतीय सेवायें।
सूची - 2
1. अनुच्छेद-368
2. अनुच्छेद-280
3. अनुच्छेद-360
4. अनुच्छेद-312

71.लोक सभा द्वारा पारित धन-विधेयक राज्य सभा द्वारा भी पारित मान लिया जायेगा, यदि राज्य सभा द्वारा उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जातीः

A. 10 दिनों तक
B. 14 दिनों तक

C. 15 दिनों तक
D. 16 दिनों तक

Answer ||| B

Solution ||| संविधान के अनुच्छेद 105 (5) के अनुसार यदि लोकसभा द्वारा पारित धन विधेयक 14 दिनों की अवधि के भीतर लोकसभा को नहीं लौटाया जाता है तो उक्त अवधि की समाप्ति पर वह दोनो सदनों द्वारा, उसी रूप में पारित मान लिया जायेगा ।

72.किसी जाति तथा जनजाति को अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति, घोषित करने हेतु, शक्ति सम्पन्न सांविधानिक प्राधिकारी हैः

A. भारत का राष्ट्रपति
B. भारत का प्रधानमंत्री
C. समाज कल्याण मंत्री
D. अनु0 जा0/जनजाति आयोग का अध्यक्ष

Answer ||| A

Solution ||| संविधान के अनुच्छेद 341के तहत किसी जाति को अनुसूचित जाति घोषित करने तथा अनुच्छेद 342के तहत किसी जाति को अनुसूचित जनजाति घोषित करने हेतु शक्ति सम्पन्न सांविधानिक प्राधिकारी राष्ट्रपति होता है।

73. नेलांग घाटी किस राज्य में स्थित है?

A. हिमाचल प्रदेश
B. सिक्किम
C. जम्मू एवं कश्मीर
D. उत्तराखण्ड

Answer ||| D

Solution ||| भारत-चीन सीमा के निकट नेलांग घाटी उत्तराखण्ड के गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क का भाग है।

74.निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं हैं?

A. फोहन - आल्प्स पर्वत
B. बोरा - पोलैंड
C. मिस्ट्रल -राइन घाटी
D. खमसिन-मिस्र

Answer ||| B

Solution ||| मिस्ट्रल की ठण्डी हवा द0फ्रांस के रोन धाटी में चलती है। न कि राइन घाटी में। बोरा भी एक शुष्क तथा ठण्डी, हवा, जो एड्रियाटिक सागर के पूर्वी किनारे पर चलती है।

75.नीचे दिये गये कूट से निम्नलिखित झीलों को क्षेत्रफल की दृष्टि से सही आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये:
A. ग्रेट बीयर B. बैकाल
C. विक्टोरिया D. सुपीरियर
कूट:

A. 4, 3, 2, 1
B. 3, 2, 1, 4
C. 4, 2, 1, 3
D. 3, 1, 4, 2

Answer ||| A

Solution ||| झील
सुपीरियर
विक्टोरिंया
बैकाल
ग्रेट बियर
क्षेत्रफल KM^2
82,103 KM^2

68,800, KM^2
31,722, KM^2
31,153 KM^2

76.निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
बन्दरगाह - देश

A. राटरडम - नीदरलैण्ड

B. इगाकी - चीन

C. मांटवीडियों - उरूग्वे

D. जकार्ता - इण्डोनेशिया

Answer ||| B

Solution ||| इगाकी बन्दरगाह रूस में स्थित है।

77.सूची-1 और सूची-2 को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिऐ गए कूट से सही सूची-1 और सूची-2 के साथ सुम्मेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
सूची-1 (पर्वतीय दर्रा)

a) माणा

b) नाथुला

c) जोजिला

d) शिपकी ला

सूची.2 (राज्य)

1) सिक्किम

2) जम्मू एवं कश्मीर

3) हिमाचल प्रदेश

4) उत्तराखण्ड

A. a-2, b-3, c-1, d-4
B. a-4, b-3, c-2, d-1
C. a-4, b-1, c-2, d-3
D. a-4, b-1, c-3, d-2

Answer ||| C

Solution ||| सूची-1
(पर्वतीय दर्रा)
A) माणा
B) नाथुला
C) जोजिला
D) शिपकी ला
सूची.2
(राज्य)
1) उत्तराखण्ड
2) सिक्किम
3) जम्मू एवं कश्मीर
4) हिमाचल प्रदेश

78.निम्नलिखित में से कौन सी चट्टान प्रणाली, भारत में नवीनतम है?

A. विंध्यन
B. कुडप्पा
C. धारवाड़
D. गोण्डवाना

Answer ||| D

Solution ||| भारत की नवीन चट्टान प्रणालियों में गोण्डवाना नई है। यह ऊपरी पुराजीव-निचले मध्यजीव काल की है।

79. सूची.1 तथा सूची.2 को सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से उत्तर का चयन कीजिए।
सूची.1 (जनजाति)
A) खिरगिज
B) बुशमैन
C) एनूं
D) बद्दू

सूची.2 (क्षेत्र)

1) जापान

2) अरब

3) मध्य एशिया

4) कालाहारी

A. A-3, B-1, C-4, D-2
B. A-2, B-3, C-4, D-1
C. A-3, B-4, C-1, D-2
D. A-1, B-2, C-3, D-4

Answer ||| C

Solution ||| सूची.1 (जनजाति)

A) खिरगिज

B) बुशमैन

C) एनूं

D) बद्दू

सूची.2 (क्षेत्र)

1. मध्य एशिया

2. कालाहारी

3. जापान

4. अरब

80.निम्नलिखित दर्रो में से किस से होकर लेह जाने का रास्ता है?

A. जोजिला

B. शिपकी ला

C. चुम्बी घाटी

D. बानिहाल

Answer ||| A

Solution ||| कश्मीर के जोजिला दर्रे से होकर श्रीनगर से लेह जाने का मार्ग है।

81.सूची.1 और सूची.2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

सूची.1 (घास के मैदान में)

A) लनोज

B) स्टैपी

C) प्रेयरीज

D) वेल्ड

सूची.2 (महाद्वीप)

1) उत्तरी अमेरिका

2) अफ्रीका

3) यूरोप

4) दक्षिणी अमेरिका

A. A-4, B-3, C-1, D-2
B. A-2, B-3, C-4, D-1
C. A-4, B-3, C-2, D-1
D. A-4, B-1, C-3, D-2

Answer ||| A

Solution ||| (घास के मैदान)

A) लनोज -

B) स्टैपी

C) प्रेयरीज

D) वेल्ड

(महाद्वीप)

1. द. अमेरिका

2. यूरोप

3. उत्तरी अमेरिका

4. दक्षिणी अफ्रीका

82.भारत में निम्नलिखित में से कौन सा राज्य देश का 70 प्रतिशत से अधिक कॉफ़ी अकेले पैदा करता है?

A. तमिलनाडु

B. केरल

C. महाराष्ट्र

D. कर्नाटक

Answer ||| D

Solution ||| भारत देश का 'कर्नाटक' राज्य 70% से अधिक कॉफ़ी अकेले पैदा करता है।

83.सूची-1 और सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

सूची-1 (औद्योगिक क्षेत्र)

A) किनकी

B) कैण्टन

C) लोरेन

D) बेलोहौरीजान्टले

सूची-2 (देश)

1) चीन

2) जापान

3) ब्राजील

4) फ्रांस

A. A-2, B-1, C-4, D-3
B. A-2, B-1, C-3, D-4
C. A-3, B-2, C-1, D-4
D. A-4, B-3, C-2, D-1

Answer ||| A

Solution ||| सूची-1

(औद्योगिक क्षेत्र)

A) किनकी

B) कैण्टन

C) लोरेन

D) बेलोहौरीजान्टले

सूची-2
(देश)
1. जापान
2. चीन
3. फ्रांस
4. ब्राजील

84.सूची-1 और सूची-2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:
सूची-1 (केन्द्र)
A) महुम
B) डल्लीराजहरा
C) कोरापुट
D) चित्रदुर्ग
सूची. 2 (खनिज)
1) लोहा अयस्क
2) कोयला
3) मैगनीज
4) बॉक्साइट

A. A-3, B-2, C-1, D-4
B. A-2, B-1, C-4, D-3
C. A-4, B-3, C-2, D-1
D. A-1, B-2, C-3, D-4

Answer ||| B

Solution ||| सूची-1
(केन्द्र)
A) मकुम
B) डल्लीरजहरा
C) कोरापुट
D) चित्रदुर्ग
सूची-2
(खनिज)

1. कोयला क्षेत्र
2. लौहा अस्यक
3. बॉक्साइट
4. मैग्नीज

85.भारतीय प्रायद्वीप की सबसे ऊँची चोटी है:

A. अटकण्ड
B. अन्नाईमुदी
C. दोदाबेटा
D. महाबलेश्वर

Answer ||| B

Solution ||| निम्नलिखित प्रायद्वीपीय भारत की सबसे ऊँची चोटी पश्चिम घाट में स्थित अनाईमुण्ड हैं जिसकी ऊंचाई 2694मीटर है।

86.इनमें से राज्य में नलकूपों द्वारा सिंचित भूमि क्षेत्र सबसे अधिक है?

A. बिहार
B. हरियाणा
C. उत्तर प्रदेश
D. पंजाब

Answer ||| C

Solution ||| कृषि संगणना 2010-11 के अनुसार प्रश्नगत राज्यों में सिंचाई के प्रतिशत की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सिंचाई नलकूपों द्वारा होती है।

87.भारत कें पश्चिमी तटीय मैदान के उत्तरी भाग को जिस अन्य नाम से भी जाना जाता है, वह है:

A. कर्नाटक
B. मालाबार
C. कोंकण
D. कोरोमण्डल

Answer ||| C

Solution |||

भारत के पश्चिमी तटीय मैदान के उत्तरी हिस्से को कोंकण तट के रूप में भी जाना जाता है।

88. तातीपाका तेल शोधनशाला अवस्थित है:

A. असम राज्य में
B. उत्तर प्रदेश राज्य में
C. कर्नाटक राज्य में
D. आंध्रप्रदेश राज्य में

Answer ||| D

Solution ||| तातीपाका तेल शोधनशाला आंध्रप्रदेश राज्य में अवस्थित है।

89.दक्षिण-पश्चिम मानसून काल में निम्नलिखित स्थानों में से सबसे कम वर्षा कहाँ होती है?

A. कोलकाता
B. मंगलोर
C. चेन्नई
D. दिल्ली

Answer ||| C

Solution ||| दक्षिण-पश्चिम मानसून द्वारा सबसे कम वर्षा चेन्नई में होती है।

90.निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नही है?

A. सरदार सरोवर बाँध-नर्मदा नदी
B. तिलैया बाँध-कोनार नदी
C. गाँधी सागर बाँध-चम्बल नदी
D. नागार्जुन सागर बाँध-कृष्णा नदी

Answer ||| B

Solution ||| तिलैया बाँध-बाराकर नदी (झारखण्ड) में अवस्थित है।

91.पृथ्वी की परिक्रमण धुरी (धुवीय धुरी) सदा झुकी होती है:

A. दीर्घवृतीय धुरी से 23.0° पर
B. दीर्घवृतीय धुरी से 23.1° पर
C. दीर्घवृतीय धुरी से 24.5 पर
D. दीर्घवृतीय धुरी से 23.5° पर

Answer ||| D

Solution ||| प्रथ्वी की परिक्रमण धुरी (धुवीय धुरी) दीर्घवृतीय धुरी से लगभग 23.5° पर झुकी होती है।

92.भारत के सभी राज्यों के विश्व के अलग-अलग देश मान कर मानव विकास सूचकांक की रैकिंग के मामले में इन राज्यों को संबंधित देश की रैंकिंग से मिलान करें और नीचे दिये कूट से सही उत्तर चुनें:
सूची-1
(राज्य)
a) केंरल
b) गुजरात
c) उत्तर प्रदेश

d) महाराष्ट्र

सूची-2

(रैकिंग देश)

1) दक्षिण अफ्रीका

2) पाकिस्तान

3) होण्डूरास

4) मालदीव

A. (a)-3, (b)-1, (c)-2, (d)-4
B. (a)-4, (b)-3, (c)-2, (d)-1
C. (a)-2, (b)-3, (c)-1, (d)-4
D. (a)-1, (b)-2, (c)-3, (d)-4

Answer ||| B

Solution ||| सूची-1

A) केरल

B) गुजरात

C) उत्तर प्रदेश

D) महाराष्ट्र

सूची-2 (राज्य)

1. मालदीप (104स्थान)

2. होण्डूरास (131स्थान)

3. पाकिस्तान (147स्थान)

4. द0अफ्रीका (116 स्थान)

93.निम्नलिखित में से कौन सा देश विश्व में चाय का सबसे बड़ा निर्यातक देश है?

A. भारत

B. चीन

C. केन्या

D. श्रीलंका

Answer ||| C

Solution ||| भारत सरकार के 'वाणिज्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2014 में केन्या (499389 मी0 टन) विश्व में चाय का सबसे बड़ा निर्यातक देश है ।

94.इन्टीग्रेटेड लो कास्ट सेनीटेशन (आई एल सी एस) योजना के सम्बंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए।
1) यह व्यवस्थ साझेदारी के आधार पर वित्त घोषित है।
2) केन्द्रीय राज्य योगदान 75% है।
3) राज्य राज योगदान 25% है।
इन कथनों मे से सही कथन है:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3 सभी

Answer ||| A

Solution ||| इंटीग्रेटेड लो कास्ट संनीटेशन योजना हाथ से मैला ढोले वालों की मुक्ति हेतु 1980-81 में केन्द्र सरकार द्वारा चलायी गयी। इस योजना में 75%भागीदारी केन्द्र सरकार और 15% राज्य सरकार तथा शेष 10%लाभार्थी द्वारा भुगतान किया जायेगा।

95.निम्नलिखित में से कौन सी योजना शहरी आधो-संरचना के विकास के लिए घोषित की गयी नयी योजना नही है?

A. स्वच्छ भारत मिशन
B. हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एण्ड ऑगमेन्टेशन योजना
C. स्मार्ट सिटी योजना
D. डिजिटल भारत योजना

Answer ||| A

Solution ||| स्वच्छ भारत मिशन योजना 2अक्टूबर 2014को प्रारम्भ की गयी। जिसका शहरी अधो-संरचना से कोई संबध नही है।

96.14वें वित्त आयोग का अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन था?

A. शान्ता कुमार
B. सी0 रंगराजन
C. वाई0वी0 रेड्डी
D. उपर्युक्त में से काई नहीं

Answer ||| C

Solution ||| संविधान के अनुच्छेद 280के तहत राष्ट्रपति द्वारा 2015-20 अवधि हेतु, केन्द्र और राज्यों के मध्य वित्तीय बटवारे संबधी संस्तुति प्रदान करने के लिए 2फरवरी 2013को 14वें वित्त आयोग का गठन वई0वी0रेड्डी की अध्यक्षता में किया गया।

97.निम्नलिखित में से किस वर्ष में राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम' प्रारम्भ किया गया था?

A. 2008 ई0
B. 2009 ई0
C. 2010 ई0
D. 2011 ई0

Answer ||| A

Solution ||| राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा अगस्त 2008 में प्रारम्भ किया गया था।

98.भारत में वर्ष 2009-10 में प्रारम्भ की गई 'इन्क्लूसिव एजूकेशन फॉर द डिसएबल्ड एट सेकेण्डरी स्टेज'योजना किसके अन्तर्गत प्रदान की जाती है?

A. साक्षर भारत
B. सर्व शिक्षा अभियान

C. राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
D. कौशल भारत योजना

Answer ||| C

Solution ||| 'इन्क्लूसिव एजूकेशन फॉर द डिसएबल्ड एट सेकेण्डरी स्टेज' योजनाका क्रियान्वयन राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत किया जाता है।

99.निम्नलिखित में से कौन सा एक वित्तीय सामावेशन का उददेश्य नही है?

A. गरीब आबादी के लिए वित्तीय सेवाओं का विस्तार करना।
B. कमजोर वर्ग की संभावित संवृद्धि के द्वार खोलना ।
C. बैकिग अधोः संरचना को सिकोड़ना ।
D. ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं का प्रसार।

Answer ||| C

Solution ||| वित्तीय सामावेशन के उददेश्यो में बैकिंग अधोसंरचना को विस्तृत करते हुए गरीब पिछड़ी आबादी के लिए वित्तीय सेवाओं के विस्तार करना है।

100. 2005-06 में प्रारम्भ की गयी 'भारत निर्माण योजना का अंग निम्नलिखित में से कौन नहीं है?

A. ग्रामीण आवास
B. ग्रामीण स्वच्छता
C. पेय जल
D. ग्रामीण सड़क

Answer ||| B

Solution ||| 2005-06 में प्रारम्भ की गयी 'भारत निर्माण योजना का अंग ग्रामीण स्वच्छता नहीं है ।

101.घाटे की वित्तीय व्यवस्था का अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

A. करों की कमी
B. मजदूरी में बढ़ोत्तरी
C. मुद्रा आपूर्ति में बढ़ोत्तरी
D. मुद्रा आपूर्ति में कमी

Answer ||| C

Solution ||| घाटे की वित्त व्यवस्था के कारण अर्थव्यवस्था मे मुद्रा आपूर्ति में बढ़ोत्तरी होती है। क्योंकि इसके तहत बजटीय घाटे की पूर्ति हेतु अतिरिक्त नोट निर्गमन का प्रावधान है।

102.निम्नलिखित में से कौन सा आयु समूह सर्व शिक्षा अभियान' में भर्ती होने के लिए पात्र है?

A. 4-12 वर्ष
B. 6-14 वर्ष
C. 5-15 वर्ष
D. 5-16 वर्ष

Answer ||| B

Solution ||| सर्व शिक्षा अभियान-2001के अन्तर्गत 6-14 वर्ष की आयु के बच्चो को सम्मिलित किया गया जाता है। 6 वर्ष से 14वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा प्राप्त (निःशुल्क) करना उनका मूल अधिकार है।

103.निम्नलिखित में से किस वर्ष में 'स्वालम्बन योजना' प्रारम्भ की गयी थी ?

A. 2010 ई0
B. 2011 ई0
C. 2012 ई0
D. 2014 ई0

Answer ||| A

Solution ||| असंगठित क्षेत्रो के कामगारोक के लिए 'स्वालम्बन योजना' सरकार समर्थित सेवानिवृति पेंशन योजना है जो वर्ष 2010 में प्रारम्भ की गयी।

104.राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन0 एफ0 एम0) का उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन नहीं है?

A. उच्च उत्पादक किस्म के बीजों का वितरण।
B. सुधारीकृत उत्पादन तकनीक का निदर्शन।
C. साख सुविधाओ कों सुदृढ़ करना।
D. फसलों की नई विकसित किस्मों का प्रचार-प्रसार करना।

Answer ||| C

Solution ||| राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन' वर्ष 2007में प्रारम्भ की गयी। साख सुविधा सुदृढ़ करना इसके अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है।

105.निम्नलिखित घटनाओं पर ध्यान दें तथा इन्हे कालक्रम में व्यवस्थि करें
1) गरीबी हटाओं
2) बैंको का राष्ट्रीय करण
3) हरित क्रांति का प्रारम्भ
नीचे दिऐ गये कूट से सहीं उत्तर चुनिये
कूटः,

A. 1, 2 और 3
B. 1, 3 और 2
C. 3, 2 और 1
D. 3, 1 और 2

Answer ||| C

Solution ||| भारत में हरित क्रांति का प्रारम्भ 1966में अनाजें के उत्पादन में वृद्धि और खाद्यान्न में आत्म निर्भरता के लिए किया गया था। सर्वप्रथम 14 बैको का राष्ट्रीयकरण 1969मे तथा 1971मे इंदिरा गाँधी द्वारा आम चुनाव के दौरान गरीबी हटाओं को नारा दिया गया।

106. e – बिज सम्बन्धित है:

A. इलेक्ट्रानिक वाणिज्य से
B. वित्तीय लेन-देन हेतु एकल द्वार (प्लेटफॉर्म) से
C. विपणन संबंधी पूछ- ताछ हेतु एकल द्वार (प्लेटफॉर्म) से
D. सरकारी सेवाओं की पहुच हेतु एकल द्वार (प्लेटफॉर्म) से

Answer ||| D

Solution ||| ई-बिल भारत का GZB (Government Business) वेब पोर्टल है। जो व्यवसायियो की सरकार के साथ अंतक्रिया में सरलता और सुविधा लाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

107.भारतीय आयकर अधिनियम की धारा 88 में उपलब्ध आयकर छूट को सामाप्त करने की सिफारिश निम्नलिखित समिति ने की है:

A. चेलैया समिति
B. केलकर समिति
C. शोम समिति
D. रंगराजन समिति

Answer ||| B

Solution ||| केलकर समिति ने भारतीय आयकर अधिनियम की धारा 88में उपलब्ध आयकर छूट को सामाप्त करने की सिफारिश की थी।

108.प्रधानमंत्री आवास योजना की समययावधि है

A. 2014-2021
B. 2014-2024
C. 2015-2022
D. 2015-2025

Answer ||| C

Solution ||| वर्ष 2015 से 2022तक सभी के लिए आवास व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारम्भ की गयी है।

109.निम्निलिखिम में से कौन सी अभिनेत्री निर्मल भारत अभियान की ब्रान्ड अम्बेसडर है?

A. माधुरी दीक्षित
B. विद्या बालन
C. प्रियंका चोपड़ा
D. परिणीती चोपड़ा

Answer ||| B

Solution ||| निर्भल भारत अभियान वर्ष 2012में चलाया गया, इसकी ब्रांड अम्बेस्डर विद्या बालन है।

110.वर्ष 2015 के भौतिक-शास्त्र के नोबल पुरस्कार विजेता टी. काजिता और ए. मैकडोल्ड निम्नलिखित में से क्रमश: किस देश के निवासी है?

A. यू.एस.ए. और जापान
B. जापान और यू.एस.ए.
C. जापान और कनाडा
D. कनाडा और यू.एस.ए.

Answer ||| C

Solution ||| निर्भल भारत अभियान वर्ष 2012 में चलाया गया, इसकी ब्रांड अम्बेस्डर विद्या बालन है।

111.भारत तथा पाकिस्तान के राष्टीय सुरक्षा सलाहकारों के बैकॉक में गोपनीय मिलन के बाद विदेश मंत्री सुषमा स्वराज पाकिस्तान में हार्ट ऑफ़ एशिया सम्मेलन में भाग लेने गयीं। जो वर्ष 2015 में आयोजन था।

A. कराची में
B. पेशावर मे
C. लाहौर में
D. इस्लामाबाद में

Answer ||| D

Solution ||| 9 दिसम्बर 2015 को इस्तांबुल प्रक्रिया की रूपरेखा के तहत पाँचबीं हार्ट ऑफ़ एशिया मंत्रीस्तरीय कांफ्रेस का आयोजन पाकिस्तान के इस्लामाबाद में किया गया था।

112. यू.एन.एच.सी.आर. के अनुसार यूरोप में शरणार्थियों और विस्थापितों की संख्या हाल ही में किस सीमा पर पहुँच गयी है?

A. 1.0 मिलियन
B. 1.5 मिलियन
C. 2.0 मिलियन
D. 3.0 मिलियन

Answer ||| A

Solution ||| According to the released data by the United Nations **Boatyard** Agency, the number of **Boatyard** and **migrated** persons in Europe in 2015 is 1015643 which is more than one million.

113.विश्व का कौन सा देश अपने नागरिकों को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिये वैकल्पिक राजधानी का निर्माण कर रहा है?

A. आर्मेनिया
B. फिलीपींस
C. विएतनाम
D. थाईलैण्ड

Answer ||| B

Solution ||| फिलीपींस द्वारा अपने नागरिकों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए वैकल्पिक राजधानी का निर्माण किए जाने की घोषणा दिसम्बर 2015में की गई है।

114.हाल ही में खोजी गयी विश्व की सबसे महंगी धातु है-

A. एंडोहेड्रल फुलरीन
B. कैलीफोरनियम 252
C. ट्रिटियम
D. रोडियम

Answer ||| A

Solution ||| दिसम्बर 2015 में आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने कार्बन परमाणुओं की मदद से एक नये पदार्थ एंड्रोहेड्रल फुलरीन का निर्माण किया। जिसे विश्व का सबसे महंगा पदार्थ माना जा रहा है।

115.केन्द्र सरकार द्वारा किसका जन्मदिन मनाने के लिये 'सेवा दिवस' प्रस्तावित किया गया है?

A. अटलबिहारी बाजपेयी
B. दीनदयाल उपाध्याय
C. श्यामा प्रसाद मुखर्जी
D. वीर सावरकर

Answer ||| B

Solution ||| केन्द्र सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाने के लिये 'सेवा दिवस' प्रस्तावित किया गया है?

116.सऊदी में मक्का की स्थानीय परिषद में निर्वाचित होने वाली प्रथम महिला है?

A. मरींयम बिंत
B. हनूफ बिंत
C. सलमा बिंत
D. आशमा बिंत

Answer ||| C

Solution ||| सलमा बिंत सऊदी में दिसम्बर 2015में मक्का की स्थानीय परिषद में निर्वाचित होने वाली प्रथम महिला है।

117.हाल ही में सुर्खियों में आया वेंडेलस्टीन 7× संबंधित है।

A. वाष्प् ऊर्जा से
B. सौर ऊर्जा से
C. उष्मीय ऊर्जा से
D. नाभिकीय ऊर्जा से

Answer ||| D

Solution ||| जर्मनी के ग्रीफ्सवाल्ड में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ़ प्लाज्मा फिजिक्स द्वारा स्थापित वेंडेलस्टीन 7× एक आधुनिकतम् नाभिकीय संलयन संयंत्र है।

118.अभी हाल में किस देश ने एक बच्चे के मानक की नीति को अस्वीकृत कर माता-पिता को दूसरों बच्चे हेतु अनुमति दी है?

A. स्वीडन
B. क्यूबा

C. चीन
D. फिनलैण्ड

Answer ||| C

Solution ||| 27 दिसम्बर 2015को चीन की संसद द्वारा प्रस्ताव पारित करके,
1 जनवरी 2016से सभी चीनी दम्पत्तियों को दो बच्चे उत्पन्न करने की अनुमति दे दी है।

119.टाइम्स मैंगजीन द्वारा निम्नलिखित में से किसे 'परसन ऑफ़ द ईयर 2015' चुना गया?

A. बराक ओबामा
B. एबी.अल.बगदादी
C. फ्रैन्क्वायज ओलैंडो
D. एंजीला मर्केल

Answer ||| D

Solution ||| जर्मनी की चांसलर एंजीला मर्केल को टाइम मैगजीन द्वारा पर्सन ऑफ़ द इयर, 2015 चुना गया।

120.भारत में सम्पन्न हुई इन्टरनेशनल टेनिस प्रीमियर लीग (आई टी पी एल) 2015 में राफेल नडाल ने खेला था?

A. यू.ए.ई. रायल्स (टीम) की ओर से
B. इण्डिया एसेज की ओर से
C. जापान वारियर्स की ओर से
D. फिलिपीन मेवरिक्स की ओर से

Answer ||| B

Solution ||| राफेल नडाल ने भारत में सम्पन्न हुई इन्टरनेशनल टेनिस प्रीमियर लींग 2015 में इंडिया एसेज टीम की ओर से खेला था।

121.उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जिलो में से किसमें 112 वर्ष की बुजुर्ग महिला (नौरोजी देवी) को ग्राम प्रधान चुना गया है?

A. मऊ
B. आजमगढ़
C. गाजीपुर
D. जौनपुर

Answer ||| B

Solution ||| उत्तर प्रदेश में सम्पन्न पंचायत चुनावों में आजमगढ़ जिले के फूलपुर ब्लॉक के अदंमामऊ की ग्राम प्रधान 112वर्ष की बुर्जुग महिला नौरोजी देवी को चुना गया है ।

122.रघुवीर चौधरी ने जिन्हें हाल ही में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया है, जिस साहित्य को सम्पन्न किया है, वह है?

A. मराठी
B. गुजराती
C. कन्नड़
D. हिन्दी

Answer ||| B

Solution ||| रघुवीर चौधरी को गुजराती भाषा के लिए वर्ष 2015का 51वां ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। प्रश्न में ज्ञानपीठ पुरस्कार के स्थान पर साहित्य अकादमी पुरस्कार पूछा गया है जो त्रुटिपूर्ण है।

123.चैंसठवी मिस यूनिवस प्रतियोगिता की विजेता पिया अलोंजो बुर्टजबेक संबंधित है।?

A. फिलीपीन्स से
B. कोलम्बिया से
C. यू.एस.ए. से

D. फ्रांस से

Answer ||| A

Solution ||| चैसठवीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता की विजेता पियो अलोंजो वुर्टजबेक फिलीपींस से है।

124.अभी हाल में भारतीय रेलवे में एक सुनियोजित घोटाला पकड़ा गया। यह भ्रष्ट आचरण (घोटाला) संबन्धित है

A. रेलवे प्लेटफार्म एवं बोगियों मे नकली खाद्य सामग्री के विक्रय से।
B. रेलवे के ब्रान्ड जल रेल नीर से
C. मानक से कम की विद्युत सामग्री की आपूर्ति से
D. ट्रेनो द्वारा ढुलाई की जाने वाली सामग्री के कम या अधिक बीजक तैयार करने से ।

Answer ||| B

Solution ||| दिसम्बर 2015 में सी.बी.आई. द्वारा रेलवे के ब्रांड जल रेल नीर से सम्बन्धित 19.5 करोड रु. का घोटाला सामने आया है।

125.भारत ने बराक-8 मिसाइल (नेक्स्ट जेनरेशन) निम्नलिखित में से किस देश के सहयोग से विकसित की है

A. रुस
B. यू.एस.ए.
C. इजरायल
D. फ्रांस

Answer ||| C

Solution ||| भारत बराक-8 मिसाइल का विकास इजराइल के सहयोग से कर रहा है।

126.निम्नलिखित मे से किस देश में पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया तथा उन्होने इतिहास बनाते हुये 2015 के चुनाव में 13 सीटें जीती?

A. इराक
B. जॉर्डन
C. सऊदी अरब
D. टर्की

Answer ||| C

Solution ||| वर्ष 2015 में सऊदी अरब में हुए स्थानीय निकाय चुनाओं में पहली बार महिलाओं को मतदान एवं चुनाव लड़ने का अधिकार प्रदान किया गया था जिसमें उन्होने इतिहास बनाते हुये 13सीटें जीती ।

127.निम्नलिखित में से किस बैंक द्वारा सिम्पली क्लिक क्रेडिट कार्ड योजना प्रारम्भ की गयी है।

A. आई.डी.बी.आई.
B. आई.सी.आई. सी0. आई
C. बी.ओ.बी.
D. एस.बी. आई

Answer ||| D

Solution ||| सिम्पली क्लिक क्रेडट कार्ड योजना भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सितम्बर 2015 में प्रारम्भ की गई है।

128.आन्तरिक सुरक्षा अकादमी अवस्थित है।

A. माउण्ट आबू
B. नासिक
C. हैदराबाद
D. पूणे

Answer ||| A

Solution ||| आंतरिक सुरक्षा अकादमी राजस्थान के माउण्टआबू में अवस्थित है।

129.विश्व के कितने देशो में अनिर्वाय मतदान की व्यवस्था लागू है।

A. 32
B. 25
C. 24
D. 26

Answer ||| D

Solution ||| विश्व के 203 में से 26देशो में अनिर्वाय मतदान का विधिक प्रावधान है परन्तु इसे सिर्फ 14देशो मे व्यावहारिक रुप से लागू किया गया है ।

130.पुस्तक 'कारगिल: टर्निगं द टाइड' लिखी है

A. मोहिंदर पुरी ने
B. अनिता नैयर ने
C. चेतन भगत ने
D. दुर्जाय दत्त ने

Answer ||| A

Solution ||| कारगिल: टर्निग द टाइड पुस्तक के लेखक मोहिंदर पुरी है।

131.भारतीय पर्यटन के स्वर्ण त्रिभुज में सम्मिलित शहर है।

A. आगरा, दिल्ली तथा जयपुर
B. मथुरा, आगरा तथा ग्वालियर
C. आगरा, कानपुर तथा लखनऊ
D. उपर्युक्त मे से कोई नही है

Answer ||| A

Solution ||| आगरा, दिल्ली तथा जयपुर भारतीय पर्यटन के स्वर्ण त्रिभुज मे शामिल तीन ऐतिहासिक शहर है।

132.राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान स्थापित है।

A. करनाल में
B. हिसार में
C. आनन्द में
D. जयपुर में

Answer ||| A

Solution ||| राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान हरियाणा के करनाल में स्थापित है ।

133.मानव-सादृश लघुतम कपि है।

A. गिबन
B. चिम्पैंजी
C. गोरिला
D. ऑरेन्गूटान

Answer ||| A

Solution ||| मानव सदृश लघुतम कपि गिबन है ये लघु कपियों की श्रेणी मे आते है ।

134.'दि रुटस ऑफ़ एन्सियन्ट इण्डिया' के लेखक थे

A. डी. के. चक्रवर्ती
B. डी. पी. अग्रवाल
C. डब्लू. ए. फेअरसर्विस

D. ए. घोष

Answer ||| C

Solution ||| दि रुटस ऑफ़ एन्सियन्ट इंण्डिया पुस्तक के लेखक डब्लू. ए. फेअरसर्विस थे।

135.हाल ही मे जारी 2011 की जनगणना से संबन्धित अतिरिक्त ऑकडो के अनुसार भारत के किस समुदाय में सबसे कम लिगांनुपात है?

A. बौद्‌ध
B. सिख
C. जैन
D. मुस्लिम

Answer ||| B

Solution ||| जनगणना 2011 के धर्म आधारित ऑकडो के अनुसार भारत में न्युनतम् लिंगानुपात सिख समुदाय (903/1000) में है।

136. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में निम्नलिखित राज्यों में से सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौन सा है?

A. पश्चिम बंगाल
B. केरल
C. उत्तर प्रदेश
D. बिहार

Answer ||| D

Solution ||| 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य बिहार (1106 व्यक्ति/ KM^2) है।

137.निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
दशक
A) 1971-81
B) 1981-91
C) 1991-2001
D) 2001-2011
जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत में)
1) 24.66
2) 23.87
3) 21.54
4) 19.05

A. A
B. B
C. C
D. D

Answer ||| D

Solution ||| दशक
A) 1971-81
B) 1981-91
C) 1991-2001
D) 2001-2011
जनसंख्या की दशकीय
वृद्धि दर
1. 24.66%
2. 23.87%
3. 21.54%
4. 17.76%

138.जनगणना आंकलन रिपोर्ट प्रदर्शित करती है कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है। वर्ष 2020 में भारतीयों की औसत उम्र होगी?

A. 27 वर्ष
B. 28 वर्ष
C. 29 वर्ष
D. 30 वर्ष

Answer ||| C

Solution ||| जनगणना 2011 की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 तक भारत विश्व का सर्वाधिक युवा राष्ट्र बनकर उभरेगा, जिसकी औसत जनसंख्या आयु 29वर्ष होगी।

139.जनसंख्या के निम्नलिखित में से किस अंग को समावेशी विकास के कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया जाता है?

A. सीमान्त कृषक
B. भूमिहीन कृषि श्रमिक
C. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति
D. अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्ति

Answer ||| D

Solution ||| समावेशी विकास का तात्पर्य देश के आर्थिक विकास में गरीब, पिछड़े वंचितों तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके अन्तर्गत अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों को सम्मिलित नहीं किया जाता है।

140.सर्वाधिक जैव-विविधता पाई जाती है।

A. टुण्ड्रा में
B. शंकुधारी वनों मे
C. उष्णाकटिबन्धीय वर्षा वनों में
D. शीतोष्ण वनों में

Answer ||| C

Solution ||| सर्वाधिक जैवविविधता उष्णकटिबन्धीय वर्षा वनों में पाई जाती है।

141.भारत की जलवायु परिवर्तन पर प्रथम राष्ट्रीय क्रिया योजना प्रकाशित हुईः

A. 2008 ई. में
B. 2012 ई. में

C. 2014 ई. में
D. 2015 ई. में

Answer ||| A

Solution ||| वर्ष 2008 ई. में भारत की जलवायु परिवर्तन पर प्रथम राष्ट्रीय क्रिया योजना प्रकाशित की गयी।

142.उर्वरक के अत्यधिक प्रयोग से होता है

A. मृदा प्रदूषण
B. जल प्रदूषण
C. वायु प्रदूषण
D. उपर्युक्त सभी

Answer ||| D

Solution ||| उर्वरक के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले प्रदूषण में मृदा प्रदूषण, जल प्रदूषण तथा वायु प्रदूषण सभी सम्मिलित है।

143.निम्नलिखित में से कौन कृत्रिम पारिस्थितिक तंत्र है?

A. धान का खेत
B. वन
C. घास का मैदान
D. झील

Answer ||| A

Solution ||| धान का खेत एक कृत्रिम पारिस्थितिक तन्त्र होता है।

144.खाद्य- श्रंखला (फूड चेन) में मानव हैः

A. एक निर्माता
B. केवल प्राथमिक उपभोक्ता
C. केवल द्वितीय उपभोक्ता
D. प्राथमिक तथा द्वितीय उपभोक्ता

Answer ||| D

Solution ||| खाद्य श्रंखला में मानव प्राथमिक और द्वितीय उपभोक्ता दोने होता है क्योकि वह शाकाहारी एवं मांसाहारी दोने प्रकार के खाद्य ग्रहण कर सकता है।

145.जैव-विविधता के ह्रास का मुख्य कारण है।

A. आवासीय प्रदूषण
B. विदेशज प्रजातियो का समावेश
C. अध्यधिक दोहन
D. प्राकृतिक आवासीय विनाश

Answer ||| D

Solution ||| आवासीय प्रदूषण, आक्रमण विदेशज प्रजातियों का समावेश, अत्यधिक दोहन तथा प्राकृतिक आवासो का विनाश ये सभी जैब विविधता के ह्रास के कारणो में शामिल है इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण प्राकृतिक आवासो का विनाश ही है ।

146.भारत में निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम वन्य जीवो को संरक्षण प्रदान करता है

A. वन्य जीव संरक्षण अधिनियम - 1972
B. वन्य संरक्षण अधिनियम - 1982
C. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम - 1996
D. पश्चिम बंगाल वन्य जीव संरक्षण अधिनियम - 1959

Answer ||| A

Solution ||| भारत में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम - 1972के अन्तर्गत वन्य जीवो, पादपों और पक्षियों के लिए संरक्षण का प्रावधान किया गया है।

147.2014-2015 में भारत देश के निर्यात में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी का परास है?

A. 4 से 5 प्रतिशत
B. 5 से 6 प्रतिशत
C. 6 से 7 प्रतिशत
D. 7 से 8 प्रतिशत

Answer ||| A

Solution ||| वर्ष 2014-2015में भारत के निर्यात में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 4से 5प्रतिशत के मध्य है। यह महाराष्ट्र के बाद निर्यात में द्वितीय स्थान रखता है ।

148.निम्नलिखित पंचायतों में से किसे उत्तर प्रदेश मे जिला योजना में सम्मिलित किया जाता है
1) नगर पंचायत
2) ग्राम पंचायत
3) क्षेत्र पंचायत
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिएः
कूट

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3 सभी

Answer ||| D

Solution ||| नगर पंचायत, ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत तीनो को उत्तर प्रदेश जिला योजना में सम्मिलित किया जाता है।

149.एशिया की सबसे बड़ी चीनी मिल उत्तर प्रदेश के किस स्थान पर अवस्थित है?

A. खतौनी
B. बलरामपुर
C. बुलन्दशहर
D. नजीबाबाद

Answer ||| A

Solution ||| एशिया की सबसे बड़ी चीनी मिल उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के खतौनी में स्थित है।

150.उत्तर प्रदेश मे सॉफ्टवेयर तथा बिजिनेस प्रोसिस आउट सोर्सिंग उद्योग का सबसे बड़ा केन्द्र अवस्थित है?

A. मेरठ में
B. कानपुर में
C. नोएडा में
D. वाराणसी में

Answer ||| C

Solution ||| नोएडा (उत्तर प्रदेश) में सॉफ्टवेयर और बिजनेस प्रोसेस आउट सोर्सिंग उद्योग का सबसे बड़ा केन्द्र् अवस्थित है।

TestSeries

UPSC CSE PRE ONLINE TEST SERIES

Online Test Series

- Basic Solution as well as short tricks
- Detailed explanation of solutions
- Tricky questions as per exact paper
- Based on latest pattern
- High-quality question
- Available on web & mobile
- All India Rank & Performance Analysis

GET IT ON Google Play



www.gradeup.co